पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित सर्वाइकल कैंसर जागरूकता व एच0पी0वी0 टीकाकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता की

——————

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की किशोरियों को किया गया स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जागरूक

———————

राज्यपाल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर तथा एच0पी0वी0 टीकाकरण जागरूकता संबंधी पुस्तिका व पोषण आहार किया वितरित

—————————

महिला कैंसर देखभाल की गुणवत्ता व स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने हेतु जे0एच0पी0आई0ई0जी0ओ0 तथा डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के बीच समझौते पत्र पर हुआ हस्ताक्षर

———————

बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु करायें एच0पी0वी0 टीकाकरण

———————

विभिन्न स्पर्धात्मक कार्यक्रम व पेंटिंग के माध्यम से कैंसर उन्मूलन हेतु जागरूकता का हो प्रसार

—————————

सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन हेतु टीकाकरण के साथ–साथ उत्तम व्यवहार, पौष्टिक आहार व नियमित व्यायाम आवश्यक
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 04 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाध्यक्ष श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी द्वारा आज डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में सर्वाइकल कैंसर के रोकथाम के प्रति जागरूकता तथा एच0पी0वी0 टीकाकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया गया। राज्यपाल जी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा एच0पी0वी0 टीकाकरण संबंधी

जागरूकता पोस्टर व छात्राओं को इस संदर्भ में जागरूकता पुस्तिका व पोषण आहार का वितरण किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में महिला कैंसर देखभाल की गुणवत्ता व स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने हेतु जॉन्स हॉपकिन्स प्रोग्राम फार इंटरनेशनल एजुकेशन इन गायनेकोलॉजी एण्ड आब्सटेट्रिक्स, कार्पोरेशन इण्डिया तथा डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के बीच समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किया गया।

राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं की उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें सशक्त बनाने हेतु प्रोत्साहित किया। राज्यपाल जी ने अपने हालिया जालौन और हमीरपुर प्रवास के जिला चिकित्सालय निरीक्षण के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वर्तमान समय मे नवजात शिशुओं का कम वजन चिन्ता का विषय है उस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बेटियों के खान पान का ध्यान रखा जाना आवश्यक है, क्योंकि वे आने वाले समय में मां बनेगी। उन्हें पौष्टिक भोजन दिया जाना चाहिए। राज्यपाल जी ने कहा कि जीवन की छोटी उम्र से ही सीखना–सिखाना, पढ़ना–पढ़ाना एक दूसरे का सहयोग करना, परिवार में सामंजस्य जैसे गुणों का अर्जन आवश्यक है। इससे अच्छा संस्कार प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मिड–डे–मील में मिलेट्स और पौष्टिक आहार को शामिल किया जाना चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन सिर्फ टीकाकरण से ही नहीं, बल्कि उत्तम व्यवहार, पौष्टिक खानपान व नियमित व्यायाम से संभव है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विभिन्न स्पर्धात्मक कार्यक्रम यथा पेंटिंग, भाषण व अन्य रचनात्मक कार्यों के आयोजन द्वारा सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की दिशा में प्रयास किए जाएं। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को स्पर्धात्मक वातावरण के तहत कैंसर उन्मूलन पर भाषण प्रतियोगिता हेतु राजभवन में भी आमंत्रित किया। राज्यपाल जी ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प लें कि जीवन में अच्छे व्यक्ति बनेंगे व आने वाली पीढ़ी को भी अच्छा बनाएंगे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने राज्यपाल जी द्वारा सर्वाइकल कैंसर व टीकाकरण के संदर्भ में किये गए पुनीत प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल जी द्वारा किए गए अभिनव प्रयासों की सराहना भी की और सर्वाइकल कैंसर व एच0पी0वी0 टीकाकरण हेतु सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम को विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा भी संबोधित किया गया, जिसमें सर्वाइकल कैंसर व एच0पी0वी0 टीकाकरण के प्रति जागरूकता के संबंध में विशेषज्ञों ने अपने उदगार व्यक्त किए। विदित है कि भारतीय महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर माना जाता है व इसमें 80 प्रतिशत मामले एच0पी0वी0 वायरस के संक्रमण से संबंधित होते हैं। एच0पी0वी0 टीका इस प्रकार के कैंसर के विरुद्ध 95 प्रतिशत कारगर व न्यूनतम दुष्प्रभाव उत्पन्न करता है।

इस अवसर पर माननीय राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंह, निदेशक, डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान डॉ0 सोनिया नित्यानंद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 ए0के0 सिंह, अन्य डाक्टर्स, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की शिक्षिकाएं व छात्राएं आदि मौजूद रहे।

————

राम मनोहर त्रिपाठी / कृष्ण कुमार
राजभवन, सम्पर्क सूत्र—9453005360